# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के कार्यक्रम मन की बात की 133 वीं कड़ी में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
2. अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उप–राज्यपाल ने श्रीनगर में आयोजित युवा चिंतन शिविर में लिटिल अंडमान सर्फिंग चैम्पियनशिप का उल्लेख कर पर्यटन विकास पर बल दिया।
3. लैंडफॉल द्वीप के पास संदिग्ध शिकार गतिविधियों पर अंडमान निकोबार कमान ने समुद्री अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया।
4. मायाबंदर के नेताजी स्टेडियम में मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस कप–2026 में फॉरेस्ट इलेवेन ने खिताब अपने नाम किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्रीनगर में आयोजित युवा चिंतन शिविर में अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने भाग लिया। यह चिंतन शिविर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने की। शिविर का मुख्य उद्देश्य 'माई भारत' पहल के माध्यम से युवाओं की सहभागिता के लिए प्रभावी रोडमैप तैयार करना था। उपराज्यपाल ने इस अवसर पर लिटिल अंडमान में हाल ही में आयोजित नेशनल सर्फिंग एवं एस यू पी चैंपियनशिप की जानकारी साझा की, जो वर्ल्ड सर्फ लीग के तत्वावधान में संपन्न हुई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन द्वीपों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ–साथ

पर्यटन को भी प्रोत्साहित करते हैं। उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने राष्ट्रीय समुद्री खेल नीति बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि समुद्री खेलों को बहु–क्षेत्रीय विकास के इंजन के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटन प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी और ब्लू इकोनॉमी को भी मजबूती मिलेगी।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में कल से शतरंज टूर्नामेंट चेस महासंग्राम 2.0 का शुभारंभ हो गया। दो दिवसीय इस ओपन रैपिड फॉर्मेट प्रतियोगिता में लगभग 800 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने शीर्ष वरीय खिलाड़ी पी. टाटा राव के साथ पहली चाल चलकर किया। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज एक मानसिक खेल है जो रणनीतिक सोच और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार की "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि" योजना के तहत लाभार्थी किसानों को अगली किस्त प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं 30 अप्रैल तक पूरी करनी होंगी। अब तक योजना की 22 किस्तें जारी की जा चुकी हैं और अगली किस्त अप्रैल से जुलाई अवधि के लिए जारी की जानी है। इसके लिए लाभार्थियों को पीएम–किसान पोर्टल पर भूमि विवरण दर्ज करना, बैंक खाते को आधार से लिंक करना तथा बायोमेट्रिक ई–के वाई सी पूरा करना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

लैंडफॉल द्वीप के पास 24 अप्रैल की रात को संदिग्ध शिकार गतिविधियों को देखते हुए अंडमान निकोबार कमांड ने समुद्री अभियान चलाया। इस कार्रवाई के तहत भारतीय तटरक्षक पोत 'राजवीर' को तुरंत क्षेत्र में तैनात किया गया, जिसने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। करीब रात साढ़े दस बजे आई सी जी एस राजवीर ने लैंडफॉल द्वीप के पास एक संदिग्ध नाव को रोककर उसकी जांच की। तलाशी के दौरान नौ लोगों को पकड़ा गया, जो अवैध रूप से समुद्री संसाधनों के दोहन में संलिप्त पाए गए। इनके पास डाइविंग उपकरण भी बरामद हुए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह संगठित रूप से की जा रही शिकार गतिविधि थी। पकड़े गए सभी आरोपियों को स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हवाले कर दिया गया है।

<><><><><><><>

आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउसलिस्टिंग एवं हाउस जनगणना चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी की गई है। इस चरण का उद्देश्य देश के प्रत्येक घर और परिवार से संबंधित बुनियादी जानकारी एकत्र कर विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े तैयार करना है। जारी जानकारी के अनुसार गणनाकर्मी भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, फर्श, दीवार और छत की प्रमुख सामग्री, मकान के उपयोग और उसकी स्थिति जैसी जानकारियां एकत्र करेंगे। इसके अलावा परिवार संख्या, सामान्यतः निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या, परिवार प्रमुख का नाम, लिंग तथा सामाजिक वर्ग (एससी/एसटी या अन्य) से संबंधित विवरण भी दर्ज किया जाएगा। आवास की स्वामित्व स्थिति, कमरों की संख्या, विवाहित दंपतियों की संख्या, पेयजल का मुख्य स्रोत एवं उपलब्धता, बिजली/प्रकाश का स्रोत, शौचालय की सुविधा और प्रकार, अपशिष्ट जल निकासी, स्नान सुविधा, रसोई एवं एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन जैसी सुविधाओं की जानकारी भी ली जाएगी। साथ ही, घरेलू उपयोग की वस्तुओं जैसे रेडियो, टीवी, इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल फोन, साइकिल, दोपहिया और चारपहिया वाहन तथा भोजन में प्रयुक्त मुख्य अनाज से संबंधित प्रश्न भी शामिल हैं। मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा। स्वयं गणना करने वाले निवासियों को सत्यापन हेतु अपना एस ई आई डी गणनाकर्मी को उपलब्ध कराना होगा। "हमारी जनगणना, हमारा विकास" के संदेश के साथ लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

<><><><><><><>

मायाबंदर स्थित नेताजी स्टेडियम में पिछले दिनों आयोजित जिला पुलिस कप–2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इसका आयोजन 11 से 24 अप्रैल तक किया गया था। मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में फॉरेस्ट–इलेवन ने पुलिस–बी टीम को करीबी अंतर से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता केवल खेल तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं को शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने का माध्यम भी बनी। जिला पुलिस ने इस आयोजन के जरिए युवाओं को नशे और अन्य हानिकारक आदतों से दूर रहने का संदेश देते हुए उन्हें खेलों के माध्यम से सक्रिय और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से कल और 28 अप्रैल को आधार शिविर का आयोजन करेगा। शिविर राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। शिविर में 0–5 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों का नया

आधार नामांकन, 5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। विभाग ने सभी संबंधितों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के चुनाव के लिए कल होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 7 मई को सुबह 10 बजे जिला परिषद सम्मेलन कक्ष, में आयोजित होगी। जिला परिषद के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>